Social Justice Union
Govt. Registered

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 10 फरवरी 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 134

## महत्वपूर्ण एवं खास

### राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या (आरएनएस)।** श्री राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को चेन्नई से गिरफ्तार किया गया है। उससे थाना राम जन्मभूमि में पूछताछ चल रही है। खुफिया एजेंसी, एसटीएस और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी थाना राम जन्मभूमि पूछताछ कर रहे हैं। बीते दो फरवरी को राम जन्मभूमि क्षेत्र के रामलला सदन निवासी मनोज कुमार के मोबाइल पर 9999 094181 नंबर से धमकी भरा फोन आया था। फोन करने वाले ने राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। पकड़ा गया आरोपी लगातार पुलिस को गुमराह कर रहा है। खुद को कभी चेन्नई तो कभी महाराष्ट्र का निवासी बता रहा है। बताए गए पते पर पुलिस तस्दीक कर रही है।

### सारण में ट्रक की चपेट में आने से होमगार्ड जवान की मौत

**छपरा (आरएनएस)।** बिहार में सारण जिले के मढ़ौरा थाना क्षेत्र में गुरूवार को ट्रक की चपेट में आने से बिहार गृह रक्षा वाहिनी (होमगार्ड) जवान शिव नाथ तिवारी की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि मढ़ौरा-अमनौर राजकीय राजमार्ग संख्या 73 पर अनियंत्रित ट्रक ने होमगार्ड जवान शिव नाथ तिवारी (52) को कुचल दिया। इस घटना में होमगार्ड जवान की मौके पर ही मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### मोदी 10 फरवरी को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की यात्रा पर जायेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 फरवरी को उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की यात्रा पर जायेंगे और कई परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्धाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री मोदी शुक्रवार को दस बजे लखनऊ में उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2023 का उद्धाटन करेंगे। मोदी दोपहर दो बजकर 45 मिनट पर मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में दो वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इससे महाराष्ट्र में महत्वपूर्ण तीर्थस्थलों से रेल संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री दो सडक़ परियोजनाओं सांताक्रुज चेंबूर लिंक रोड और कुरार अंडरपास परियोजनाओं को भी देश को समर्पित करेंगे। इसके बाद शाम करीब साढ़े चार बजे मुंबई में अल्जामिया-तुस-सैफियाह के नए परिसर का उद्धाटन करेंगे।

### हिंडनबर्ग रिपोर्ट के खिलाफ सुनवाई के लिए तैयार हुआ सुप्रीम कोर्ट, याचिका में साजिश का दावा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** अदाणी समूह और हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के मामले से जुड़ी याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया। याचिका में कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की गई है। सुको ने रिपोर्ट को चुनौती देती याचिकाओं को स्वीकार कर लिया है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि विदेशी फर्म ने साजिश रची थी, जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। इस रिपोर्ट को लेकर भारत में सडक़ से लेकर संसद तक चर्चाओं का दौर जारी है। शीर्ष न्यायालय शुक्रवार को याचिकाओं पर सुनवाई करने जा रहा है। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के खिलाफ एड्वोकेट एमएल शर्मा और विशाल तिवारी की तरफ से दो अलग-अलग याचिकाएं दायर की गई थीं।

# देश में हाईवे की निगरानी के लिए तैनात किए जाएंगे ड्रोन



**नई दिल्ली।** केंद्रीय सडक़ एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सर्वाधिक अत्याधुनिक स्काई यूटीएम को लॉन्च किया है। उन्होंने इस मौके पर कहा कि उनका मंत्रालय जल्द ही वास्तविक समय की निगरानी और राजमार्ग निर्माण में तेजी लाने के लिए तैनात किए जाने वाले ड्रोन स्टार्ट-एप्स से भागीदारी आमंत्रित करेगा और सडक़ दुर्घटनाओं पर भी नजर रखेगा। इस अभियान को अंजाम देने के लिए मंत्रालय जल्द ही निविदा जारी की जाएंगी। गडकरी ने बीती रात यहां स्काई यूटीएम लॉन्च के मौके पर निर्माण, इंफ्रा और राजमार्ग क्षेत्र में नयी तकनीकों को लागू करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह भारतीय ड्रोन स्टार्ट-अप्स के लिए सॉफ्टवेयर जैसे उद्योग का नेतृत्व करने का समय है। उन्होंने कहा कि स्काई यूटीएम, मानवरहित एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम-स्काई यूटीएम है जो प्रति घंटे 4,000 उड़ानें और प्रतिदिन 96,000 उड़ानें संभालने में सक्षम है। इस सॉफ्टवेयर में यूटीएम टनल सहित कई नये और इनोवेटिव ऑटोमेटेड एयर ट्रैफिक कंट्रोल फीचर्स दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि ड्रोन भविष्य की तकनीक है और यह अपार क्षमता वाला है। ड्रोन गतिविधियों को बेहद कुशल और लागत प्रभावी बनाते हैं। निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, रक्षा, बुनियादी ढांचा, सर्वेक्षण, रियल एस्टेट और परिवहन से लेकर सभी क्षेत्रों में ड्रोन का उपयोग किया जा रहा है। ड्रोन कंपनियां राजमार्गों और सडक़ निर्माण की निगरानी भी करेंगी। अनेक शोध हो रहे हैं, जो निश्चित रूप से इसके उपयोग को बढ़ाने में मदद करेंगे।

स्काईएयर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंकित कुमार ने इस अवसर पर एरियल ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की जरूरतों और इसकी उपयोगिता के बारे में कहा, एटी कंट्रोलर्स के साथ बातचीत करने वाले पायलटों को किसी भी परिस्थिति में प्रतिक्रिया करने में कुछ समय लगता है, जिससे पारंपरिक विमानन और ट्रैफिक प्रबंधन में त्रुटि की संभावना बढ़ जाती है। यूटीएम इस संबंध में एक गेम चेंजर है, क्योंकि ड्रोन के साथ डिजिटल रूप से कम्युनिकेशन करने और हवाई क्षेत्र में ट्रैफिक को जोडऩे से कम्युनिकेशन एक सेकंड से भी कम समय में हो जाता है और फुलप्रूफ यानी पूरी तरह से सुरक्षित रहता है। इसके अलावा, स्काई यूटीएम पूरी तरह से डिजिटल अनमैन्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म है जो आकाश में उडऩे वाले सभी ड्रोनों के साथ सीधे कम्युनिकेशन करता है।

उन्होंने कहा कि देश का अपनी तरह का पहला और एकमात्र ड्रोन एरियल ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म, 'स्काई यूटीएम', एक क्लाउड-बेस्ड एरियल ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम है, जो मानवयुक्त एविशन एयरस्पेस के साथ अनमैन्ड एयर ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को जोड़ता है। स्काई यूटीएम को एयरस्पेस में सभी ड्रोन और अन्य एरियल मोबिलिटी ऑपरेटरों को ऑटोनमस नेविगेशन, रिस्क एसेसमेंट, कनेक्टिविटी और ट्रैफिक मैनेजमेंट प्रदान करने के लिए बनाया गया है।

श्री कुमार ने कहा कि स्काई यूटीएम में स्काई टनल नामक एक नया अनूठा फीचर भी है, जिसे अभी तक दुनिया में किसी और ने पूरा नहीं किया है। स्काई टनल, दो स्थानों के बीच एक एयर कोरिडोर और एक इनविजिबल कनेक्ट स्थापित करती है। इस फ्लाइट प्लान को लागू करने के लिए फिजिकल उपकरणों का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है कि कोई ब्लैंक स्पॉट्स नहीं हैं और टनल पूरी तरह से जुड़ा हुआ है। ड्रोन और आने वाली फ्लाइंग टैक्सियां,जो एक साल में उपलब्ध होंगी, इसके दायरे में आ जाएंगी।

स्काई यूटीएम ने अब तक 300 से अधिक सफल बीवीएलओएस ड्रोन फ्लाइट्स को सपोर्ट किया है। प्लेटफ़ॉर्म यूएवी मूवमेंट के 255 से अधिक पैरामीटर्स को कैप्चर करता है और उन्हें अपने 'ब्लैकबॉक्स' में स्टोर करता है, जो संपूर्ण उड़ान का एक व्यवस्थित विवरण प्रकाशित करता है।

कुमार ने वर्तमान एयर ट्रैफिक के बारे में कहा, 25,368 विमानों के एक्टिव कमर्शियल फ्लीट के साथ मॉडर्न एविएशन इंडस्ट्री 70 साल पुराना है जबकि मानवरहित एविएशन इंडस्ट्री लगभग 10 वर्षों से अस्तित्व में है और इसमें 10 लाख से अधिक एक्टिव यूएवी हैं। इसके अलावा, एयर ट्रैफिक कंट्रोल टॉवर की उच्चतम क्षमता प्रति घंटे 120 उड़ानें और प्रतिदिन 1200 उड़ानें हैं।

## तेल फैक्ट्री में दर्दनाक हादसा, टैंकर की सफाई के लिए उतरे 7 कर्मचारियों की दम घुटने से मौत



**काकीनाडा (आरएनएस)।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक दु:खद घटना सामने आई है। जहां, एक कंपनी में काम करने वाले सात कर्मचारियों की मौत हो गई है। ये सभी लोग फैक्ट्री में ही लगे तेल टैंकर की सफाई के लिए उसके भीतर उतरे हुए थे। सफाई के दौरान ही सातों ने दम तोड़ दिया। माना जा रहा है कि सातों कर्मचारियों की मौत दम घुटने से हुई है। हालांकि, आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

पेद्दापुरम मंडल के जी रागमपेट में स्थित अंबाटी सुबन्ना ऑइल कंपनी में इस घटना के बाद हडक़ंप मच गया। देखते ही देखते आसपास के लोग भी वहां इक_ा हो गए हैं। बताया जा रहा है कि नई ऑइल फैक्ट्री की टैंक की सफाई के लिए एक के बाद एक करके 7 लोगों को उसके अंदर उतारा गया था, सभी कर्मचारियों की मौत हो गई है।

घटना के संबंध में पूरी जानकारी सामने आनी बाकी है। अभी तक यह भी पता नहीं चल पाया है कि टैंकर में कैसा तेल भरा गया था। क्या गैस की वजह से कर्मचारियों का दम घुट गया या फिर कोई और वजह है।

## सड़क हादसे में सात स्कूली बच्चों की मौत

❒ **एक बच्चा व ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल**



**कांकेर (आरएनएस)।** जिले के भानुप्रतापपुर-कांकेर के बीच कोरर के पास हुई एक बड़ी सडक़ दुर्घटना में 7 स्कूली बच्चों की मौत हो गई है। बच्चे ऑटो में सवार होकर स्कूल से घर जा रहे थे जिसे सामने से आ रही ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में पांच बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल 2 बच्चों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना गुरूवार दोपहर की है बीएनएल स्कूल कोरर के लगभग एक दर्जन स्कूली बच्चे ऑटो में सवार होकर अपने स्कूल से घर वापस आ रहे थे इसी दौरान भानुप्रतापपुर-कांकेर के बीच कोरर के पास सामने से तेज रफ्तार से आ रही ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही पांच बच्चे रुद्रादेवी देवी ग्राम तुएगुहान 6 वर्ष, रुद्र कुमार ग्राम तुएगुहान 7 वर्ष, इशान मंडावी ग्राम बनोली 4 वर्ष, मानव साहू 6 वर्ष ग्राम अस्तरा तथा एक बालिका की मौके पर ही मौत हो गई वही दो बच्चे व ऑटो का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां उपचार के दौरान दो और बच्चों की मौत हो गई। वहीं एक बच्चे और ड्राइवर का इलाज कांकेर अस्पताल में जारी है। वहीं हादसे की खबर मिलते ही मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी पहुँचे गए। इधर खबर मिलने के बाद बच्चो के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। फिलहाल इस हादसे की जांच चल रही है।

इधर इस हादसे को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर स्कूली बच्चों की आकस्मिक मौत पर दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि ये बेहद दुखद खबर है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर मुमकिन मदद दी जा रही है, ईश्वर परिवारजनों को हिम्मत दे। प्रशासन को हर संभव मदद के निर्देश दिए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ में बर्ड फ्लू की दहशत, तीन दिन में 3700 मुर्गियों की मौत

❒ **बिक्री पर लगी रोक**



**बालोद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बर्थ फ्लू की दहशत ने दस्तक दी है। इस बार बालोद में तीन दिन के अंदर 3700 मुर्गियों की मौत हो गई। यह मुर्गियां एक ही फार्म पर थीं। पशुपालन विभाग को इसका पता भी तीसरे दिन चला। इसके बाद टीम पहुंची और शेष मरी हुई मुर्गियों का सैंपल लेने के बाद उन्हें दफना दिया गया है। जांच के लिए सैंपल को रायपुर भेजा गया है। हालांकि विभाग को आशंका है कि मुर्गियों में कोई बड़ी बीमारी हो सकती है।

जानकारी के मुताबिक, दल्लीराजहरा के वार्ड-16 में तिवारी पोल्ट्री फार्म है। इस फार्म से मुर्गियों की मौत का सिलसिला तीन दिन पहले शुरू हुआ था। पहले दिन 300, फिर अगले दिन 600 मुर्गियों की मौत हो गई। इस पर फार्म संचालक ने बिना पशुपालन विभाग को सूचना दिए, उन्हें दफना दिया। तीसरे दिन सभी मुर्गियां मर गईं। इसकी जानकारी जब मंगलवार को पशु पालन विभाग को लगी तो अफसर मौके पर पहुंच गए।

**जांच के लिए सैंपल रायपुर भेजे गए-** इसके बाद टीम ने मुर्गियों का पोस्टमार्टम कराया और उन्हें दफनाने से पहले सैंपल लिए गए। उन्हें जांच के लिए भेजा गया है। पशुपालन विभाग के उपसंचालक डीके सिहारे ने बताया कि मुर्गियों के मौत होने की बात सामने आई, जिसके बाद टीम को रवाना किया था। जिस तरह मुर्गियों की एक साथ मृत्यु हुई है उसे देखते हुए विशेष जांच के लिए सैंपल रायपुर की लैब में भेजे गए हैं। उस रिपोर्ट का इंतजार है। उससे ही मौत का कारण पता चलेगा।

**पिछले साल बर्ड फ्लू से हुई थी मौतें-** पिछले साल जिले में बर्ड फ्लू का संक्रमण फैला था। इस दौरान कुसुमकासा क्षेत्र के फार्म में सैकड़ों मुर्गियों की मौतें हुई थी। इसके बाद पशुपालन विभाग ने मोर्चा संभाला हुआ था। अब 3700 मुर्गियों की मौत की बात सामने आई है। ऐसे में विभाग की ओर से मुर्गियों की बिक्री में रोक लगा दी गई है। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी मुर्गियों के विशेष ध्यान रखने की बात कही जा रही है।

**पोल्ट्री फार्म संचालक अभी तक घाटे से उबरे नहीं-** जिले के पोल्ट्री फार्म संचालकों ने संयुक्त रूप से समिति बनाई है, जो उनके हित में कार्य करती है। समितिक के सदस्य सुरेंद्र देशमुख ने बताया कि कोरोना काल के समय से अफवाहों के कारण मुर्गियों की बिक्री में काफी कमी आई थी। व्यापार पूरी तरह चौपट हो गया था। एक साथ इतनी मुर्गियों की मौत, अच्छी खबर पोल्ट्री फार्म संचालकों के लिए नहीं है। संचालक पहले ही घाटे से अब तक उबर नहीं पाए हैं।

## पानी के टैंकर ने बाइक सवार मजदूरों को कुचला, दो की मौत, एक घायल

**मेरठ (आरएनएस)।** मेरठ में हुए दो अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि कई घायल हो गए। मेरठ के बागपत मार्ग में बीती देर रात एक तेज रफ्तार कार बरातियों में घुस गई और कई लोगों को कुचल डाला। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन से ज्यादा घायल हो गए। वहीं किठौर में पानी के टैंकर की चपेट में आने से बाइक सवार दो मजदूरों की मौत हो गई। वहीं हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाबुझाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए।

जानकारी के अनुसार मेरठ में बागपत मार्ग पर गांव वाफर में स्थित मंडप के सामने एक कार ने बरातियों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन घायल हुए हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिए। दूसरा हादसा आज सुबह किठौर थानाक्षेत्र में हुआ जहां जीने वाले रास्ते पर बन रहे बाईपास पर पानी के टैंकर की चपेट में आने से शाजापुर निवासी नीरज पुत्र बिलोरी और राहुल पुत्र वेदों की मौत हो गई, जबकि विजेंद्र पुत्र जय भगवान गंभीर रूप से घायल हो गया।

बताया गया कि ये तीनों लोग मजदूरी के लिए अपनी बाइक पर सवार होकर हापुड़ जा रहे थे। मौके पर ट्रक चालक को बुलाने के लिए लोगों ने जाम लगा दिया।

## भारतीय न्यायपालिका में कोई आरक्षण नीति नहीं : रिजिजू



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को राज्यसभा में न्यायपालिका में आरक्षण पर एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वर्तमान में भारतीय न्यायपालिका में कोई आरक्षण नीति नहीं है। बावजूद इसके उन्होंने कॉलेजियम से उन लोगों को शामिल करने के लिए कहा, जिनका सिस्टम में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान, डीएमके नेता तिरुचि शिवा ने जजों की नियुक्ति में आरक्षण नीति शुरू करने की संभावना पर सरकार विचार करेगी या नहीं, इससे संबंधित मामला उठाया था।

रिजिजू ने कहा, मौजूदा नीतियों और प्रावधानों के अनुसार, भारतीय न्यायपालिका में कोई आरक्षण नहीं है। मंत्री ने कहा, मैंने सभी न्यायाधीशों और विशेष रूप से कॉलेजियम के सदस्यों को याद दिलाया है कि वे पिछड़े समुदायों, महिलाओं और अन्य श्रेणियों के सदस्यों को शामिल करने के लिए नामों की सिफारिश करते समय इसे ध्यान में रखें, जिनका भारतीय न्यायपालिका में पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है।

टीएमसी सदस्य जवाहर सरकार ने न्यायपालिका के साथ मतभेदों और वर्तमान में खाली पड़े उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के 127 प्रस्तावों पर मंत्री से सवाल किया। सरकार ने पूछा, इन प्रस्तावों पर कब विचार किया जाएगा। रिजिजू ने जवाब दिया, विभिन्न उच्च न्यायालयों में 210 रिक्तियां हैं। रिक्तियों के संदर्भ में, मैं कह सकता हूं कि एक बार जब उच्च न्यायालय के तीन सदस्यीय कॉलेजियम द्वारा नामों की सिफारिश कर दी जाती है, तो यह निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ती है। ये 210 नाम, जो वह पूछ रहे हैं, हमें कोई प्रस्ताव नहीं मिला है, इसलिए न्यायपालिका के साथ किसी तरह के तीखे मतभेद का सवाल ही नहीं उठता।

## तुर्की, सीरिया में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढक़र 15 हजार के पार



**अंकारा/दमिश्क।** तुर्की और सीरिया में सोमवार को आये विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढक़र 15,383 हो गयी है। यहां काम कर रहे बचाव दलों और प्रशासन ने यह जानकारी दी।

विनाशकारी भूकंप के कारण तुर्की में मारे गए लोगों की संख्या बढक़र 12,391 तक पहुंच गई है।

इसी तरह सीरिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सीरिया में कम से कम 1 हजार 262 लोग मारे गए और 2,285 लोग सरकारी कब्जे वाले क्षेत्रों में घायल हुए। मीडिया रिपोर्टों में बचावकर्मियों का हवाला देते हुए कहा गया है कि सीरिया में विपक्ष के कब्जे वाले क्षेत्र में कम से कम 1,730 लोग मारे गए और 2,850 से अधिक घायल हुए।

सोमवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 4.17 बजे तुर्की के दक्षिणी प्रांत कहारनमारस में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया, इसके कुछ मिनट बाद देश के दक्षिणी प्रांत गजियांटेप में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया और दोपहर 1.24 बजे 7.6 तीव्रता का भूकंप आया था।

इस बीच बुधवार को एक 82 सदस्यीय चीनी बचाव दल चार्टर्ड विमान एयर चाइना पर 8,000 किमी से अधिक की उड़ान भरने के बाद स्थानीय समयानुसार सुबह 4.30 बजे तुर्की के अदाना हवाई अड्डे पर पहुंचा।

### आईएफआरसी ने लगाया तुर्की और सीरिया के लिए कुल 21.7 करोड़ डॉलर की आवश्यक प्रारंभिक सहायता का अनुमान

**संयुक्त राष्ट्र।** इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रेड क्रॉस एंड रेड क्रिसेंट सोसाइटीज (आईएफआरसी) ने तुर्की और सीरिया में भूकंप पीड़ितों की मदद के लिए 20 करोड़ स्विस फ्रैंक (21.7 करोड़ डॉलर) की आवश्यक प्रारंभिक सहायता का अनुमान लगाया है।
संचालन समन्वय जेवियर कैस्टेलानोस ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा, हम 20 करोड़ स्विस फ्रैंक का एक आपातकालीन बिल लेकर आए हैं जिनमें से 12 करोड़ तुर्की को और आठ करोड़ सीरिया को जाएंगे।
उन्होंने कहा कि यह राशि 12 महीने की अवधि के दौरान प्रदान की जाएगी। कैस्टेलानोस के अनुसार, तुर्की-सीरिया भूकंप प्रभावितों की मदद के लिए आवश्यक राहत सहायता की अंतिम राशि निर्धारित करने के लिए आईएफआरसी को कई महीनों के आकलन की आवश्यकता होगी।
गौरतलब है कि सोमवार को दो बड़े भूकंपों और उसके बाद आये दर्जनों झटकों से दोनों देश हिल गए थे, जिनमें 15,000 से अधिक लोग मारे गये और हजारों मकान ढह गये।